# अग्रवाल कॉलेज में मनाया गया विश्व रेड क्रॉस व थैलेसीमिया दिवस

आज दिनांक 8 मई 2025 को अग्रवाल कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस इकाइयों के द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस 2025 की थीम "मानवता को जीवित रखना" को मध्यनजर रखते हुए मनाया गया द्य विश्व रेडक्रॉस दिवस पूरे विश्व में 8 मई को रेड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूनांट के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है द्य विश्व रेड कॉस दिवसका उद्देश्यस्वयंसेवकों में करुणा व मानवता की भावना को जागृत करता है द्य रेड क्रॉस एक ऐसी संस्था है जो युद्ध, महामारी व किसी भी प्रकार की आपदा की स्थिति में पीड़ितों मदद करती है द्य

अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता व महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता का ऐसी गतिविधियों को महाविद्यालय में संपन्न करने के पीछे जो लक्ष्य है वह स्वयंसेवकों में सेवा ,मानवता, करुणा व पीड़ितों के लिए दर्द महसूस करने के भाव को जगाना है द्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ . संजीव कुमार गुप्ता ने स्वयंसेवकोंको संबोधित करते हुए कहा कि हमें सदैव किसी भी प्रकार की मुसीबत में पड़े लोगों की मदद करने के लिए तत्पर रहना चाहिए द्य कॉलेज के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष व कॉलेज की रेड क्रॉस के पूर्व कॉर्डिनेटर डॉ० जयपाल सिंह ने रेड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूनांट के जीवन के संघर्ष के बारे में बताया व किस तरह उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उन्होंने घायलों की सेवा की द्य उन्होंने सर जीन हेनरी ड्यूनांट की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की द्य रेड क्रॉस के बैनर तले आज ही के दिन वालंटियर्स को एक डॉक्यूमेंट्री मूवी दिखाकर विश्व थैलेसीमिया दिवस भी मनाया गया द्य इस अवसर पर महाविद्यालय के पर्यावरण विषय के प्रवक्ता श्री लवकेश के द्वारा स्वयंसेवकों को इस बीमारी के कारणों , लक्षणों व उपचार संबंधित जानकारी दी गई द्य इस अवसर पर कॉलेज के पुस्तकाल्याध्यक्ष डॉ . रामचंद्र, हिंदी के विभागाध्यक्ष डॉ . अशोक कुमार निराला , रेड क्रॉस के काउंसलर श्रीमती पूजा, श्री सुभाष कैलोरिया और 39 स्वयंसेवक उपस्थित रहे